बुधवार 02 अगस्त, 2023
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


बिहार में जारी रहेगी जातीय गणना, हाईकोर्ट ने सरकार के पक्ष में दिया फैसला



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मै मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा

## लोकसभा में पेश किया गया दिल्ली सेवा बिल विपक्ष ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** अधिकारियों के तबादलों और पोस्टिंग से जुड़ा दिल्ली सेवा बिल केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में पेश किया। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने गृहमंत्री अमित शाह की ओर से सदन में बिल पेश किया। जैसे ही बिल पेश किया गया तो सदन में हंगामा शुरू हो गया, जिसके चलते सदन की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष ने बिल का जमकर विरोध किया। बिल को लेकर अमित शाह ने कहा कि यह विरोध राजनैतिक है संवैधानिक आधार नहीं है। इस आधार पर इस बिल को पेश करने की अनुमति दी जाए। अमित शाह ने आगे कहा कि इस सदन को कानून बनाने का अधिकार है।

वहीं विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने इसका विरोध किया और कहा कि केंद्र सरकार संविधान को कमजोर कर रही है। कहा कि ये दिल्ली सरकार के अधिकारों को कम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि बिल सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है। आम आदमी पार्टी इस बिल का विरोध कर रही है। कांग्रेस, जेडीयू समेत कई दल बिल के विरोध का ऐलान कर चुके हैं। केंद्र सरकार ने पहले इसी मुद्दे पर अध्यादेश जारी किया था, जिसके खिलाफ आम आदमी पार्टी सुप्रीम कोर्ट भी गई।

### हरियाणा में बवाल का दूसरा दिन, गुरुग्राम तक फैली आग

# नूह में भड़की सांप्रदायिक हिंसा में पांच लोगों की मौत, लगा कर्फ्यू

- हिंसा में कई लोग घायल दंगाईयों ने दर्जनों गाड़ियों में लगाई आग
- नूंह हिंसा मामले में 44 एफआईआर दर्ज, 70 लोग हिरासत में लिये गए

**एजेंसी/नई दिल्ली**

हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक हिंसा ने दो होमगार्ड्स, एक इमाम सहित पांच लोगों की जान ले ली है। हिंसा में दर्जनों लोग घायल हैं। दंगाईयों ने दर्जनों गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया है। दूसरे दिन भी हिंसा जारी है। बवालियों पर काबू पाने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स तैनात किए गए हैं। नूंह में बवाल को देखते हुए कर्फ्यू लगा दिया गया है। इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं नूंह में हिंसा की खबर फैलते ही गुरुग्राम में सोहना रोड के पास दो समुदायों के प्रदर्शनकारी आपस में भिड़ गए। कई गाड़ियों को दोनों पक्षों ने निशाना बनाया। प्रदर्शनकारियों ने घंटों सड़क को जाम रखा। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने नूंह हिंसा में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। खट्टर ने कहा कि नूंह जिले और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस तैनात की गई है। नूंह में कर्फ्यू लगा दिया गया है।



### सीएम मनोहर लाल खट्टर ने की शांति बनाए रखने की अपील

हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि नूंह हिंसा मामले में 44 एफआईआर दर्ज किए गए हैं। 70 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दो पुलिसवालों समेत पांच लोगों की जान इस हिंसा में चली गई है। आम लोगों से शांति बनाने की अपील करते हुए खट्टर ने कहा कि शांति बनाएं रखे, कानून अपना काम कर रहा है। फरीदाबाद में भी पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है।

### तनाव को देखते हुए सभी स्कूलों को बंद रखने का फैसला

तनाव को देखते हुए नूह समेत इसके आसपास के तनावग्रस्त इलाके के सभी स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया गया। वहीं हिसार में भी तमाम जगहों पर पुलिसबल को तैनात किया गया है. हरियाणा सरकार के एक अधिकारी के मुताबिक, नूंह, सोहना और आसपास के जिलों में स्थिति नियंत्रण में है। अर्धसैनिक बलों की कम से कम 13 कंपनियां वहां तैनात की गई हैं और जल्द ही और कंपनियां पहुंचेंगी। फरीदाबाद, पलवल और गुरुग्राम में कोई कर्फ्यू नहीं लगाया गया है। हालांकि, इन जिलों में धारा 144 लगाई गई है।

### सोमवार को जुलूस निकालने के बाद शुरू हुई हिंसा

गुरुग्राम से सटे नूंह में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली जा रही बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा को युवाओं के एक समूह ने गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोक दिया और पथराव करने लगे। इस घटना के बाद हिंसा भड़क गई और इसने विकराल रूप ले लिया।

## मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, हालात राज्य की पुलिस के नियंत्रण के बाहर

**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा के मामले को लेकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि साफ है कि हालात राज्य की पुलिस के नियंत्रण के बाहर हैं। मई से जुलाई तक कानून-व्यवस्था ठप हो गई थी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई सोमवार को तय की और मणिपुर के डीजीपी को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर सवालों के जवाब देने को कहा। सीबीआई को मामला सौंपने की मांग पर कोर्ट ने कहा कि अगर 6000 में से 50 एफआईआर सीबीआई को सौंप भी दिए जाएं तो बाकी 5950 का क्या होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये बिलकुल स्पष्ट है कि वीडियो मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में काफी देरी हुई। ऐसा लगता है कि पुलिस ने महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सामने आने के बाद उनका बयान दर्ज किया। सुनवाई के दौरान सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हमने एक स्टेटस रिपोर्ट तैयार की है। ये तथ्यों पर है, भावनात्मक दलीलों पर नहीं है। सभी थानों को निर्देश दिया गया कि महिलाओं के प्रति अपराध के मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज कर तेज कार्रवाई करें।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित



- पीएम मोदी ने पुरस्कार के साथ मिलने वाली राशि को नमामि गंगे परियोजना में दान देने की घोषणा की

**एजेंसी/मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को पुणे में लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने इसे अविस्मरणीय क्षण बताया। उन्होंने कहा, मैं लोकमान्य तिलक अवार्ड को 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित करता हूं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने पुरस्कार के साथ मिलने वाली राशि को नमामि गंगे परियोजना में दान देने की घोषणा की। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, आज का ये दिन मेरे लिए बहुत अहम है, मैं यहां आकर जितना उत्साहित हूं, उतना ही भावुक हूं। अभी कुछ देर पहले मैंने मंदिर में गणपति जी का आशीर्वाद भी लिया। लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना सम्मान की बात है। ये छत्रपति शिवाजी की धरती है।

पीएम मोदी ने कहा, मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी सेवा में, उनकी आशाओं और अपेक्षाओं की पूर्ति में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ूंगा। पीएम मोदी ने कहा, भारत की आजादी में लोकमान्य तिलक की भूमिका को, कुछ घटनाओं और शब्दों में नहीं समेटा जा सकता। अंग्रेजों ने धारणा बनाई थी कि भारत की आस्था, संस्कृति, मान्यताएं, ये सब पिछड़ेपन का प्रतीक हैं, लेकिन तिलक जी ने इसे भी गलत साबित किया। लोकमान्य तिलक ने टीम स्पिरिट के, सहभाग और सहयोग के अनुकरणीय उदाहरण भी पेश किए।

जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली



सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
आरके इंडस्ट्रीज की तरफ से हार्दिक बधाई

RKI

A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines
Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)

Working under Government of Bihar

North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar
Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle
RKI Industry (Under BREDA) Bihar
Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur

Team
R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED

### जाति आधारित गणना पर रोक की मांग को लेकर दायर कुल छह याचिका खारिज

# बिहार में जारी रहेगी जातीय गणना, पटना हाईकोर्ट ने सरकार के पक्ष में दिया फैसला

♦ पटना हाईकोर्ट ने सभी दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में जातीय गणना पर लगी रोक को पटना हाईकोर्ट ने हटा लिया है। मंगलवार को हाईकोर्ट ने नीतीश सरकार के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि बिहार में जाति आधारित गणना होगी। चार मई को पटना हाईकोर्ट की ओर से अंतरिम रोक लगाई गई थी। याचिकाकर्ता के वकील दीनू कुमार ने कहा कि अब हम सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। बिहार सरकार को जाति गणना कराने का अधिकार नहीं है। जाति आधारित गणना पर रोक की मांग को लेकर कुल छह याचिका दायर की गई थी। सभी याचिका खारिज हो गई है।

पटना हाईकोर्ट ने पांच दिनों तक विस्तृत दलीलें सुनने के बाद सात जुलाई को राज्य में जाति-आधारित सर्वे कराने के बिहार सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।




याचिकाकताओं और बिहार सरकार की दलीलों को सुना गया था।

याचिका में कहा गया था कि बिहार सरकार के पास इस सर्वे को कराने का अधिकार नहीं है। ऐसा करके सरकार संविधान का उल्लंघन कर रही है। जातीय गणना में लोगों की जाति के साथ-साथ उनके कामकाज और उनकी योग्यता का भी ब्योरा लिया जा रहा है। ये गोपनीयता के अधिकार का हनन है। जातीय गणना पर खर्च हो रहे 500 करोड़ रुपये भी टैक्स के पैसों की बर्बादी है।

### मंत्री विजय चौधरी बोले... हम बचे हुए काम जल्दी पूरा करेंगे

बिहार में जातीय गणना के पहले फेज का काम पूरा हो गया था। इसके बाद दूसरे फेज का काम 15 अप्रैल से शुरू किया गया था। इसी बीच चार मई को पटना हाईकोर्ट ने अपने एक अंतरिम आदेश में जातीय आधारित गणना पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया था। अब मंगलवार को पटना हाईकोर्ट के आए फैसले के बाद बिहार सरकार एक्शन में आ गई है। सभी जिलों के डीएम को पत्र जारी किया गया है। जाति आधारित गणना को लेकर काम करने का निर्देश दिया गया है। बिहार सरकार में मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि हम बचे हुए काम जल्दी पूरा करेंगे। दरअसल, जाति आधारित गणना की शुरूआत सात जनवरी से हुई थी। सरकार ने कोर्ट में कहा था कि जातीय गणना का काम लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जारी किए गए पत्र में पटना हाईकोर्ट के ऑर्डर का जिक्र किया गया है। बताया गया है कि जाति आधारित गणना पर लगी रोक को अब पटना हाईकोर्ट से हटा लिया गया है।

### जातीय गणना राज्य के हित में यह पूरे देश में हो: ललन सिंह

सरकार के पक्ष में फैसला आने के बाद डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी सरकार जाति आधारित सर्वे से प्रामाणिक, विश्वसनीय और वैज्ञानिक आंकड़े प्राप्त करेगी। इससे अति पिछड़ा, पिछड़ा और सभी वर्गों के गरीबों को सर्वाधिक लाभ मिलेगा। जातीय गणना आर्थिक न्याय की दिशा में बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम होगा। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने ट्वीट कर लिखा है कि कोर्ट के फैसले का स्वागत है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जातीय गणना रोकने का षड्यंत्र विफल हुआ और जातीय गणना का रास्ता प्रशस्त हुआ है। ललन सिंह ने आगे लिखा जातीय गणना राज्य के हित में है और यह पूरे देश में होना चाहिए। वहीं नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि न्यायालय के आदेश का हमने सम्मान किया है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी जातीय गणना का शुरू से समर्थन कर रही है। बिहार सरकार की नीयत में खोट है। जातीय गणना के उद्देश्य को बताने में बिहार सरकार असफल है।

## नीतीश सरकार का फैसला... टैक्स डिफॉल्टर वाहनों के लिए किया गया छूट का प्रावधान

♦ कैबिनेट की बैठक में 10 एजेंडों पर लगी मुहर
♦ राज्य सरकार ने चतुर्थ कृषि रोड मैप की दी मंजूरी

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 10 एजेंडों पर मुहर लगी। इस बैठक में इस फैसले पर भी मुहर लगी कि राज्य के जितने भी टैक्स डिफॉल्टर वाहन हैं उन्हें राज्य सरकार ने छूट देने का निर्णय लिया है। कैबिनेट सचिव ने जानकारी देते हुए कहा कि परिवहन विभाग ने यह निर्णय लिया है कि जो भी टैक्स डिफॉल्टर हैं वो मूल का 30 फीसद राशि अतिरिक्त देकर एकमुश्त सेटलमेंट कर सकते हैं। इसके लिए छह महीने की अवधि दी गई है। ट्रैक्टर और ट्रेलर वाहन मालिक को 30 हजार अतिरिक्त जमा करना होगा। इसके साथ ही राज्य सरकार ने चतुर्थ कृषि रोड मैप की भी मंजूरी दी है। हैदराबाद की एक कंपनी किसानों को मोटे अनाज की अच्छी किस्म के उत्पादन करने उसकी बिक्री करने, पैकेजिंग करने और उसमें उपयोग होने वाले उपकरण की मुहैया कराएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रतिवर्ष 16 करोड़ 21 लाख की योजना प्रस्तावित की है। 2023-24 से 2027-2028 तक प्रति वर्ष इतनी राशि दी जाएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने चतुर्थ कृषि रोड मैप में परंपरागत खेती और जैविक रूप से खेती करने के लिए किसानों के लिए 30 करोड़ 16 लाख 65 हजार की राशि को स्वीकृत किया है। इससे जैविक खेती करने वाले किसानों को विशेष लाभ मिलेगा।



### 2020 के बाद नियुक्त हुए पंचायत शिक्षकों को मिलेगा सेवा निरंतरता का लाभ

कैबिनेट की बैठक में शिक्षा विभाग के अंतर्गत पंचायती राज एवं नगर निकाय संस्थान के द्वारा 2020 के बाद जिन शिक्षकों की नियुक्ति हुई है उनको सेवा संरक्षण की अनुमति मिल गई है। 2020 के बाद जिनकी नियुक्ति बीपीएससी से हुई है और जिन्होंने पिछले 10 साल तक शिक्षा में सेवा दी है उन्हें सेवा निरंतरता का लाभ मिलेगा। शिवहर जिले में 520 बेड वाले अन्य पिछड़ा वर्ग, कन्या आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 48 करोड़ 95 लाख 80 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। भागलपुर में उपकरण निर्माण के लिए चार करोड़ 23 लाख की स्वीकृति मिली है। बिहार स्वास्थ्य सेवा नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली 2023 को स्वीकृत किया गया है। जल जीवन हरियाली के तहत नवादा में भी अब गंगा जल पहुंचाने की मंजूरी मिली है। इससे पहले राजगीर, गया, बोधगया में गंगाजल पहुंचाने का काम शुरू हुआ था। अब नवादा को भी जोड़ा गया है।

## हाजीपुर में एक्सिस बैंक में एक करोड़ रुपए की लूट

**केटी न्यूज/पटना**

बेखौफ बदमाशों ने बिहार के हाजीपुर में एक बार फिर बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया है। मंगलवार की सुबह हथियार के बल पर लुटेरों ने एक्सिस बैंक से एक करोड़ रुपये से अधिक की डकैती की है। घटना हाजीपुर के लालगंज थाना क्षेत्र के तीनपुलवा चौक की है। दो बाइक पर आए चार की संख्या में बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि हथियार से लैस होकर बैंक के अंदर घुसे और फिर लूटपाट की शुरूआती आंकड़ा जो सामने आ रहा है। वह एक करोड़ से अधिक का बताया जा रहा है। हालांकि मिलान के बाद आंकड़ों में बदलाव हो सकता है।




लूट के बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची. एसडीपीओ और जिले के एसपी भी पहुंचे। बैंक के अंदर जांच कर कर्मचारियों से पूछताछ की।

इधर बैंक लूट की घटना के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस और वरीय अधिकारी जांच में जुट गए हैं। घटना 11 से 11.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। तिरहुत आईजी पंकज सिन्हा ने कहा कि बैंक प्रबंधन द्वारा एक करोड़ के लूट की बात सामने आ रही है। सीसीटीवी जांच करने पर जानकारी मिली कि 4 अपराधी बैंक में घुसे थे। वहीं एक बाहर से रैकी कर रहा था। अपराधियों की तलाश में छापेमारी चल रही है। सभी अपराधी मास्क लगाए हुए थे। इधर, वैशाली पुलिस ने लूटकांड में शामिल संदिग्धों की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। इसमें एक महिला भी दिख रही है। इसमें तीन बदमाश बाइक से भागने दिख रहे हैं। इनके पीठ पर बैग भी दिख रहा है। पुलिस इस महिला को भी संदिग्ध बता रही है।

**लगातार हो रही है बैंक लूट की घटना:** बिहार में बैंक लूट की घटनाएं नहीं थम रही हैं। बीते कुछ महीनों में बैंक लूट की घटनाएं बढ़ गई हैं। कुछ दिनों पहले मुजफ्फरपुर में, पिछले महीने में नालंदा में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से लूट हुई थी।

## माननीय राज्यपाल ने 25 टीबी मरीजों को दिया फूड बास्केट

♦ राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 51 टीबी मरीजों को लिया है गोद

**केटी न्यूज/पटना**

राज भवन में मंगलवार को माननीय राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर द्वारा 25 टीबी मरीजों को फूड बास्केट बांटा गया। विदित हो कि निक्षय मित्र योजना के तहत माननीय राज्यपाल द्वारा 51 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। इससे पूर्व 24 जुलाई को राज्यपाल द्वारा 26 टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने कहा कि टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है. इसके लिए दवा के कोर्स



का पूरा सेवन एवं अपने पोषण का ध्यान रखने की जरुरत है।

उपस्थित टीबी मरीजों का हौसला बढ़ाते हुए माननीय राज्यपाल ने कहा कि टीबी से घबराना नहीं है अपितु इसे मात देने का संकल्प लेना है। इसके लिए सभी को जागरूक होने की जरुरत है। टीबी के लक्षण नजर आते ही नजदीकी सरकारी अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें और अपनी जांच कराएं। राज्यपाल महोदय ने उपस्थित टीबी मरीजों से कहा कि आप सभी का नंबर मेरे पास है और मैं फोन करके आपसे बात करूंगा और दवा नियमित रूप से ले रहे हैं अथवा नहीं, यह भी पता करूंगा। राज्यपाल ने टीबी मरीजों को कहा कि निक्षय का अर्थ यह समझिये कि नि-क्षय अथवा टीबी को नहीं होने देना है।

टीबी के रोगाणु वायु द्वारा फैलते हैं. जब फेफड़े का यक्ष्मा रोगी खांसता या छींकता है तो लाखों-करोड़ों की संख्या में टीबी के रोगाणु थूक के छोटे कणों के रूप में वातावरण में फेंकता है। बलगम के छोटे-छोटे कण जब सांस के साथ स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाता और वह व्यक्ति टीबी रोग से ग्रसित हो जाता है। चिकित्सा कर्मी की देखरेख में रोगी को अल्पावधि वाली क्षय निरोधक औषधियों के सेवन कराने वाली विधि को डॉट्स कहते हैं। इसके तहत किया गया इलाज काफी प्रभावी हो जाता है। पूरा कोर्स कर लेने पर यक्ष्मा बीमारी से मरीजों को मुक्ति भी मिल जाती है।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMRTCL
AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services
A Revolutionary Initiative

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

Moments and Accolades




Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## खबरें फटाफट

### आथर गोली कांड में आठ पर केस दर्ज, दो गिरफ्तार

**नावानगर।** आथर के जमीन विवाद में हुई गोली कांड में जख्मी हीरालाल यादव के भाई उमेश यादव ने आठ लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी गांव के ही ओम प्रकाश यादव व उनके पुत्र सुनील यादव है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। बता दें कि हीरालाल यादव एवं सुनील यादव के बीच काफी दिनों से जमीन विवाद चल रहा था। इसी कड़ी के तहत रविवार की रात नामजद लोगों ने हीरालाल यादव के घर में घुसकर फायरिंग करने लगे थे। जिसमें एक गोली हीरालाल यादव के सीने को छुती हुई निकल गई। जख्मी का इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा है। घटना के दो दिन बाद जख्मी के भाई ने वासुदेवा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है।

### सड़क दुघर्टना में युवक जख्मी

**नावानगर।** सोनवर्षा-केसठ मार्ग पर दंगौली मोड़ के पास सड़क दुघर्टना में एक युवक जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मी को निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। जख्मी युवक की पहचान भोजपुर जिला के अगियांव बाजार थाना अंतर्गत पीटाठ गांव निवासी बलिराम पासवान के रुप में की गई है। बताया जाता है कि जख्मी युवक बाइक पर सवार होकर अपने गांव से ससुराल लाहना जा रहा था। तभी उक्त स्थान पर गड्ढे में पड़कर बाइक उछल गया। जिससे युवक सड़क पर ही गिर पड़ा। बाद में राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर जख्मी युवक को इलाज के लिए ले गए। साथ ही उसकी बाइक को अपने कब्जे में लेकर ओपी ले आए।

## लोग बोले... बदबू से जीना मुहाल, प्रशासन से करेंगे शिकायत

# नया भोजपुर में संचालित वधशाला के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

- प्रशासन की उदासीनता से अवैध ढंग से गोकशी करने वाले फिर से हो गए सक्रिय

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर में अवैध तरीके से वधशाला का संचालन किया जा रहा है। इन वधशालाओं में जानवरों को काटने के बाद कारोबारी हड्डियों को आसपास में ही फेंक रहे हैं। जिसकी बदबू से मोहल्लेवासियों का जीना मुहाल हो गया है। लोगों का कहना है कि मोहल्ले में हर समय दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों की शिकायतों के बाद भी जब अवैध वधशाला संचालित करने वाले अपने हरकतों से बाज नहीं आए तो मंगलवार को मोहल्लेवासी उग्र हो गए। इस दौरान मीडिया के समक्ष अपनी बातों को खुलकर रखा तथा कहा कि इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस व अनुमंडल प्रशासन से की जाएगी।

जानकारी के अनुसार डुमरांव नगर परिषद के वार्ड दस स्थित नया भोजपुर चिकटोली मोहल्ला में दर्जनों लोगों द्वारा अवैध तरीके से वधशाला चलाया जा रहा है। इसी के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोला है। स्थानीय निवासी दानिश कुरैशी व



मो अस्फाक ने बताया कि उनके घर के आस पास रहमान कुरैशी तथा अन्य लोगों द्वारा हड्डियों का ढेर लगाया गया है। जिस कारण पूरे मोहल्ले में हड्डियों व मांस की बदबू का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से यह स्थिति बनी हुई है। वहीं हाजी अब्दूल कलाम खान ने बताया कि कुछ वर्ष पहले प्रशासन द्वारा छापेमारी कर अवैध बूचड़खानों को बंद कराया गया था तथा हड्डियों को भी गांव से दूर फेंकवाया गया था। तब कुछ दिनों तक राहत मिली थी। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता से अवैध ढंग से गोकशी करने वाले फिर से सक्रिय हो गए है। विरोध करने वाले लोगों का कहना था कि इसकी लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस व अनुमंडल प्रशासन से की जाएगी। विरोध जताने वालों में मुन्ना खान, कल्लू कुरैशी, अब्दुल हक खान, नसीम कुरैशी, मोहसिन कुरैशी, सरफुदीन कुरैशी, भूद्दू कुरैशी, नरगिस खातून, चीनिया खातून, शाजाहा खातून, तसामु खान, सुलमान खान समेत कई अन्य शामिल रहे।

**बिना लाइसेंस संचालित होते हैं वधशाला**

ग्रामीणों ने आरोप लगया कि उनके गांव में किसी के पास भी वधशाला का लाइसेंस नहीं है। लेकिन चोरी छिप्पे कई लोगों द्वारा वधशाला का संचालन किया जाता है।

## मुंबई में हाईवे निर्माण के दौरान गर्डर लांचिंग गिरने से नंदन के कामगर की मौत



**डुमरांव।** मुंबई के ठाणे में निमार्णाधीन समृद्धि एक्सप्रेस वे पर शाहपुर के पास एक निमार्णाधीन पुल पर काम के दौरान ही गर्डर लांचिंग गिर गया। जिसमें डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन निवासी एक कामगर की मौत हो गई है। घटना सोमवार की रात 1.30 बजे शाहपुर के पास स्थित सरलांबे की बताई जा रही। मृतक नंदन केदार बाबा के डेरा निवासी इंद्रदेव यादव के 49 वर्षीय पुत्र मनोज यादव है। इस मनहूस खबर के मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन शव लाने के लिए मुंबई रवाना हो गए है। बताया जाता है कि मनोज पिछले चार पांच सालों से मुंबई में मजदूरी करता था तथा वह पांच महीना पहले गांव आया था। यहां से जाने के बाद हाईवे निर्माण करने वाली कंपनी में काम कर रहा था, इसी दौरान सोमवार की रात हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद से ही उसकी पत्नी पूनम देवी बेसुध हो गई है।

## एक नजर

### अमसारी के कामगार की शारजाह में मौत, एक सप्ताह बाद भी शव नहीं भेज रहे कंपनी वाले



**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के अमसारी अनुसूचित जाति बस्ती के एक कामगार की संदेहास्पद मौत एक सप्ताह पहले दुबई के शारजाह में हो गई है। लेकिन एक सप्ताह बाद भी कंपनी वाले शव भेजने में आनाकानी कर रहे हैं। जवान बेटे की मौत के सदमे के साथ परिजनों को अब उसके अंतिम दर्शन के लिए भी तरसना पड़ रहा है। इधर मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि उसे विदेश भेजने वाले एजेंट इंप्लायमेंट वीजा की जगह उसे टूरिस्ट वीजा पर दुबई के शारजाह ले गया था। मृतक अमसारी अनुसूचित जाति बस्ती के धनदेव राम का 30 वर्षीय पुत्र हरेन्द्र राम है। उसकी मौत की खबर के बाद से ही पिता धनदेव के साथ ही गर्भवती पत्नी चंदा देवी तथा मासूम बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों को सबसे अधिक दुख इस बात को ले हो रहा है कि मरने के बाद भी उसका अंतिम दर्शन नहीं हो पा रहा है। परिजनों ने विदेश भेजने वाले एजेंट पर भी धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार हरेन्द्र पिछले 12 मार्च को शारजाह गया था तब वहां जाने पर भीषण गर्मी व धूप में उससे हाड़तोड़ मेहनत करवाया जा रहा था और तय मजदूरी से आधा 500 दिरहम महीना मिल रहा था। 25 मई को उसने अपने पिता से बात कर आपबीती सुनाई और घर आने की इच्छा जताई थी। तब उसने यह भी बताया था कि उसे टुरिस्ट वीजा पर भेजा गया था। धनदेव ने रोते हुए बताया कि तब मैने उसे वापस लौट आने की बात कही थी। लेकिन 29 जुलाई को कंपनी वालों ने फोन कर बताया कि आपके बेटे की मौत हो गई है। लेकिन उसकी मौत कैसे हुई इसकी जानकारी भी नहीं दी तथा वहां से शव भेजने में भी आनाकानी कर रहे है।

### बक्सर सदर अस्पताल के सेवानिवृत उपाधीक्षक को दी गई भावपूर्ण विदाई



**बक्सर।** बक्सर सदर अस्पताल के रिटायर्ड उपाधीक्षक डा भूपेन्द्रनाथ के सम्मान में मंगलवार को गोयल धर्मशाला में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन बक्सर के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता तथा नगर परिषद के उप चेयरमैन प्रतिनिधि आकाश कुमार उर्फ रामजी सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ था। बता दें कि डा भूपेन्द्र बक्सर सदर अस्पताल में कई वर्षों तक अपनी सेवा दिए है तथा उनकी छवि बेदाग रही है। वे 31 जुलाई को ही सेवानिवृत हुए है। सम्मान सह विदाई समारोह में बक्सर नगर परिषद अध्यक्षा कमरून निशा, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा मीना सिंह, रेडक्रॉस सोसायटी के फाउंडर चेयरमैन डा आशुतोष सिंह, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष डुडु जी, डा वीके सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि नियमतुल्लाह फरीदी, रामनाथ सिंह, सिद्धेश्वर आनंद बक्सरी, रोहतास गोयल, सुरेश अग्रवाल, विक्की राय, मनीष तिवारी सर, राजेन्द्र सर, चंदन जायसवाल, नीलम श्रीवास्तव व अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। सभा में उपस्थित सभी ने डॉ. साहब के सेवाभाव और जिम्मेदारियों के सही निर्वहन की जमकर सराहना की और कहा कि वे अपने सेवा काल में मरीजों की काफी तत्परता से इलाज करते थे।

## धनसोई के परसदा में तालाब किनारे मिला युवक का शव

**केटी न्यूज/बक्सर**

धनसोई थाना क्षेत्र के परसदा गांव में सोमवार से गायब एक 24 वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर तालाब के किनारे मिला है। मृतक गांव के अनुग्रहित चौधरी का 45 वर्षीय पुत्र छोटक चौधरी था। जानकारी के अनुसार वह सोमवार की सुबह आठ बजे से ही घर से अचानक गायब हो गया था। परिजन पूरे दिन और देर रात तक उसकी खोजबीन करते रहे थे। इसी दौरान मंगलवार की सुबह किसी ने तालाब किनारे उसका शव पड़ा देख परिजनों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन चित्कार कर उठे तथा धनसोई पुलिस को इसकी जानकादी दी। जानकारी मिलते ही धनसोई पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इधर परिजन उसकी हत्या किये जाने की आशंका जता रहे है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी मिले है। जिससे परिजनों की आशंका को बल मिल रहा है। इस संबंध में धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

## स्कूल देर से पहुंचने पर नाराज शिक्षक ने छात्र को ऐसा पीटा कि लगाना पड़ा टांका

**केटी न्यूज/नावानगर**

नावानगर प्रखंड के मध्य विद्यालय वासुदेवा के शिक्षकों की हैवानियत वाला एक मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद मंगलवार को परिजनों ने स्कूल में पहुंच हंगामा मचा दिया। पीड़ित छात्र के परिजनों के सवालों पर शिक्षक चुप्पी साधे हुए हैं। पीड़ित छात्र अतिमि पंचायत के अमृत डेरा गांव निवासी मनोज कुमार का पुत्र बिट्टू है जो मध्य विद्यालय वासुदेवा का छात्र है। पीड़ित के पिता मनोज कुमार ने बताया कि वह सोमवार को स्कूल में देर से पहुंचा, प्रार्थना में देर से शामिल होने नाराज शिक्षक कलामुद्दीन ने डंडा से मार दिए। जिसके कारण वह गिर गया उसे आंख के पास फट गया। जिसके बाद शिक्षकों ने न तो उसका उचित इलाज करवाया और न ही परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। सिर्फ डिटॉल लगाकर छोड़ दिया। जब शाम में वह घर आया तो आंख के पास



फटा हुआ था। हल्का खून भी निकल रहा था। परिजनों के पूछने पर वह रोते हुए घटना की जानकारी दिया। जिसके बाद परिजन उसे लेकर नावानगर सीएचसी गए। जहां डाक्टरों ने उसके आंख के उपर तीन टांके लगाए।

परिजनों ने इसकी सूचना मुखिया ज्योति गुप्ता व शिक्षा समिति के सदस्यों को दी। जिसके बाद मंगलवार को गांव के लोग स्कूल में पहुंचे। परन्तु पुरे मामले पर न तो शिक्षक बात कर रहे हैं ना ही प्रधानाध्यापक मो. ईशा कुछ बोल रहे हैं। सिर्फ इतना कह रहे हैं जाने दिजिए छोड़ दिजिए।




# स्तनपान से शिशु मृत्यु दर में होती है 20 प्रतिशत कमी

**केटी न्यूज/बक्सर**



बच्चों के सर्वांगीण मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए स्तनपान की कराना अतिआवश्यके है। स्तनपान के अभाव में शिशु के स्वास्थ्ये पर प्रतिकूल प्रभाव पड़तो है। शिशु के लिए मा का दूध सर्वोत्तम आहार के साथ ही उसका मौलिक अधिकार भी है। इसको देखते हुये स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए जिले में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनायो जा रहा है। बेहतर आज और कल के लिए माता-पिता को जागरूक करने के साथ स्तनपान को बढ़ावो देने को लेकर बैठक में एएनएम को निर्देशिते किया।

शिशु को जन्म के बाद स्तनपान कराने से व लगातार कराए जाने से कई प्रकार की बीमारियों से बचाव होतो है। माता का दूध एंटीबायोटिक का काम करतो है। स्तनपान सप्ताह के दौरान लोगों को स्तनपान कराने से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**मां के दूध से शिशु मृत्यु दर में लाई जा सकती है कमी:** मां का दूध जहां शिशु को शारीरिक व मानसिक विकास प्रदान करता है वहीं उसे डायरिया, निमोनिया और कुपोषण जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव भी करतो है। जन्म के एक घंटे के भीतर नवजात को स्तनपान शुरू कराने से शिशु मृत्यु दर में 20 प्रतिशत तक की कमी लायी जा सकती है। छह माह तक शिशु को केवल स्तनपान कराने से दस्त और निमोनिया के खतरे में 11 से 15 प्रतिशत कमी लायी जा सकती है। एक सर्वे के अनुसार अधिक समय तक स्तनपान करने वाले बच्चों की बुद्धि थोड़े समय के लिए मां का दूध पीने वाले बच्चों की अपेक्षा तीन पॉइंट अधिक होती है। इसके अलावा स्तनपान स्तन कैंसर से होने वाली मौत को भी कम करतो है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-4 के आंकड़ों के अनुसार बच्चे के जन्म के एके घण्टे के भीतर मां को गाढ़ो पीला दूध पिलाना आवश्यके है।

**माता-पिता की जागरूकता है जरूरी:** इस साल के विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम में स्तनपान को बढ़ावो देने के लिए माता के साथ पिता की जागरूकता पर बल दिया गयो है। स्तनपान को बढ़ावो देने के लिए अभिभावकों का सशक्तिकरण एक गतिविधि नहीं है बल्कि एक ऐसी प्रक्रिया है जो प्रसव पूर्व जांच के दौरान और शिशु के जन्म के समय अवश्य प्रदान की जानी चाहिए। मां बच्चे को नियमित रूप से स्तनपान तभी कराती हैं जब उसे एक सक्षम माहौल और पिता, परिवार के साथ समुदायों से

### डुमरांव अनुमंडल के विभिन्न थानों में किए गए थे जब्त

# प्रशासन ने 2900 लीटर शराब पर चलाया बुलडोजर

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार को डुमरांव अनुमंडल के 14 थाना क्षेत्रों में जब्त किये गये 2900 लीटर अंग्रेजी और देसी शराब पर बुलडोजर चला नष्ट किया गया। यह विनष्टिकरण नया भोजपुर ओपी थाना परिसर में किया गया। इस दौरान डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज व एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी मौजूद थे। बताया जाता है कि विनष्ट किए गए शराब की कीमत लाखों रुपये है। यह सभी शराब विभिन्न थानों में 74 कांडों में जब्त किया गया है।

जानकारी अनुसार चक्की थाना के 7 कांडों में 345 लीटर, सिमरी थाना के 9 कांडो में 82.5 लीटर, डेरा ओपी थाना के 3 कांडों में 67.36 लीटर, हाता ओपी थाना के 6 कांडों में 209.11 लीटर, नैनीजोर थाना के 3 कांडों में 81.75 लीटर, ब्रह्मपुर थाना के 17 कांडों में 282.64 लीटर, नावानगर थाना के 1 कांड में 38.4 लीटर, वासुदेवा ओपी थाना के 1 कांड में 2 लीटर, सिकरौल थाना के 3 कांड में 17.2 लीटर, सोनवर्षा थाना के 4 कांडों में 232 लीटर, डुमरांव थाना के 2 कांडों में 8 लीटर, कोरानसराय थाना के 7 कांडों में 44.2 लीटर, कृष्णाब्रह्म थाना के 2 कांडों में 5 लीटर और नया भोजपुर ओपी थाना के 9 कांडों में 918.5 लीटर शराब को पुलिस ने पकड़ा था, जिस पर बुलडोजर चलाया गया. विनष्टीकरण के दौरान डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, सीओ अंकिता सिंह, डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, नया भोजपुर ओपी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार के अलावे अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष मौजूद थे।

## भाजयुमो ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**डुमरांव।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत डुमरांव रेलवे स्टेशन के पास हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा डुमरांव के नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने कहा कि बिहार में बढ़ते अपराध भ्रष्टाचार अराजकता छात्र युवा आम जनता का हो रहे दमन एवं लाठीचार्ज तथा दस लाख नौकरी के खिलाफ दस लाख हस्ताक्षर आगामी 9 अगस्त को क्रांति दिवस को बिहार के महामहिम राज्यपाल महोदय को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता अभिनंदन मिश्रा ने व संचालन युवा भाजपा नेता दीपक यादव ने किया। इस दौरान प्रांतीय नेता दीपक यादव ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव ने 10 लाख नौकरी देने का वादा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया था। लेकिन सरकार में आने के बाद नौकरी की बात तो दूर नौकरी मांगने वाले युवाओं पर बर्बर तरीके से लाठियां बरसाई जा रही है।






## अवैध वसूली के सात लाख रुपए नगद, एक बाइक और तीन मोबाइल बरामद

# चार टॉप टेन अपराधी समेत आठ कुख्यात गिरफ्तार, हथियारों का जखीरा बरामद

- एक एसएलआर, पांच रेगुलर राइफल, दो देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल, तीन मैगजीन, 84 गोली और आंख बरामद



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालूचक दियारे में बालू तस्करों की पुलिस से मुठभेड़ हो गयी। उसके बाद पुलिस द्वारा भोजपुर व रोहतास आठ कुख्यात अपराधियों और बालू तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनमें कुख्यात बालू माफिया सत्येंद्र पांडेय और उसके दो पुत्र भी शामिल हैं। मौके से हथियार और गोलियों का जखीरा भी बरामद किया गया है। वहीं अवैध वसूली के सात लाख रुपए भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरूखिया कला गांव निवासी सत्येंद्र पांडेय, उसका पुत्र नीरज पांडेय, पदमा कर पांडेय, भाई संजय पांडेय, उसी गांव का सूरज कांत पांडेय, रंजीत कुमार, मुफस्सिल थाने के लक्ष्मणपुर गांव निवासी नीतीश कुमार व रोहतास के नासरीगंज थाना क्षेत्र के बडीहा गांव निवासी अरुण कुमार नट शामिल हैं।

सत्येंद्र पांडेय, नीरज पांडेय, पदमाकर पांडेय भोजपुर जबकि अरुण नट रोहतास पुलिस के टॉप टेन अपराधियों में शामिल हैं। अपराधियों के पास से एक एसएलआर, पांच रेगुलर राइफल, दो देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल, आठ एमएम की 74 गोली, सात खोखा, एसएलआर के तीन मैगजीन, 10 गोली, एक खोखा, तीन मोबाइल और एक अपाची बाइक बरामद की गयी है। इनमें कुछ हथियार घटनास्थल जबकि कुछ एक बंद घर से बरामद किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह सूचना मिली कि कुख्यात सत्येंद्र पांडेय अपने गिरोह के लोगों के साथ कमालूचक दियारे में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की प्लानिंग कर रहा है। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी को एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गयी। तब पुलिस को देख अपराधियों द्वारा फायरिंग शुरू कर दी गयी। जवाब में पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गयी। उसके बाद सभी आठ अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से हथियार, गोली, खोखे और नगदी बरामद की गयी। उन्होंने बताया कि राइफल की जांच की जा रही है। अपराधियों से पूछताछ कर एसएलआर के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है। टीम में कोईलवर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार और डीआईयू के अफसर एवं जवान शामिल थे।

**पुलिस पर नजर रखने को तैनात किया गया था संतरी:** कुख्यात माफिया सत्येंद्र पांडेय और उसके गिरोह द्वारा कमालूचक दियारे में स्थित बालू घाट पर कब्जा करने की तैयारी थी। उसके लिए वह अपने गूर्गों संग दियारे में हथियारों के साथ डेरा डाल रखा था। उसके गिरोह के लोग बालू लूटने और घाट पर कब्जा करने ही वाले थे। तभी पुलिस को भनक लग गयी और सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। ऐसे में पुलिस की सक्रियता से एक बड़ी वारदात टल गयी। हालांकि उस दौरान पुलिस की अपराधियों के साथ मुठभेड़ भी करनी पड़ी।

## जातीय गणना रोकने का भाजपा का षडयंत्र विफल

**जहानाबाद।** पटना हाइकोर्ट ने जातियों की गणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस के वी चंद्रन की खंडपीठ ने इस सम्बन्ध दायर याचिकायों पर में 3 जुलाई से पांच दिनों की लम्बी सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रखा था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा दिये गये दलीलों को स्वीकार करते हुए जातीय सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जदयू जिलाध्यक्ष अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा है कि जातीय गणना के विरुद्ध उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज किया है, उसका स्वागत योग्य है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जातीय गणना रोकने का षडयंत्र विफल हुआ। जातीय गणना राज्य हित में है। जाति आधारित गणना के पक्ष में हाईकोर्ट का फैसला साबित करता है कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच, जो सबके हित में जातिगत गणना करवाने की मुहिम की शुरूआत की थी।

## जीवन जीने की कला सिखाता है स्काउट और गाइड

**जहानाबाद।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर में 37 वां जिला सृजन दिवस एवं विश्व स्कार्फ दिवस पर प्लास्टिक वारियर्स –सह– स्वच्छता सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसका उद्घाटन डॉ. शिव नारायण सिंह जिला प्राधिकार शिक्षा विभाग जहानाबाद एवं मानदिल पंचायत केमुखिया बबलू कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पीठासीन पदाधिकारी ने कहा कि स्काउट– गाइड से प्रशिक्षित युवाओ को नैतिक जिम्मेवारी के साथ जीवन जीने की कला सीखने का अवसर मिलता है, ऐसे युवा आगे चलकर देश के लिए सशक्त प्रहरी के रूप में उभरते है। मुखिया ने कहा कि स्काउट–गाइड के युवाओं को सामाजिक, प्रशासनिक गतिविधियों में जिम्मेवारी के साथ कार्य करते देखा है। इन्हें शैक्षणिक स्तर पर सहयोग करने की जरूरत है।




## सोन नदी में नहाने के दौरान 3 युवक डूबे दो की हुई मौत, एक की बचा ली गई जान

**केटी न्यूज/आरा**

चांदी थाना क्षेत्र कोसीहान गांव के सामने सोन नदी में स्नान के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत हो गयी।

स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को सोन नदी से निकाला गया।?मरने वालों में चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव निवासी मो आजम के 20 वर्षीय पुत्र मो. साबीर आलम और झारखंड के बोकारो निवासी मो. सहाबुद्दीन के 25 वर्षीय पुत्र मो.सद्दाम थे। सद्दाम कई दिनों से अपने रिश्तेदार के घर कोसीहान गांव आया था। इस घटना में सद्दाम का भाई किसी तरह बच गया।घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के



अनुसार सोन नदी में स्नान के दौरान बालू उत्खनन से बने गहरे गड्ढे में फंसने से मौत हो गई। मिली जानकारी के मंगलवार दोपहर में साबिर, सद्दाम और शहबान तीनो सोन नदी में स्नान करने गए थे। इसी क्रम में तीनों बालू उत्खनन द्वारा खोदे गये गड्ढे में चले और डूबने लगे। उनमें शहबान किसी तरह बच निकला, लेकिन बाकी दोनों डूबने लगे। जब तक लोगों ने हो हल्ला मचाया लेकिन ग्रामीणों के जुटने से पहले दोनो युवक डूब गये। उन्हें स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे हुए दोनों युवकों को खोज निकाला गया।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए आरा ले जाना चाह रही थी लेकिन परिजन पोस्टमार्टम करना नहीं चाह रहे थे। बाद में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुये. जिनका सदर अस्पताल आरा में पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई कुख्यात अपराधी के घर मारा छापा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के परसबीघा थाना क्षेत्र के सेंधवा गांव में पुलिस ने कुख्यात अपराधी के घर में छापेमारी कर एक बड़ा ठगी का मामला का उद्भेदन किया है। दरअसल सेंधवा गांव निवासी और कई कांडों का फरार अपराधी पप्पू शर्मा के द्वारा रमेश रजक बन महाकालेश्वर मठ के नाम पर पटना के कारोबारियों से लाखों रुपए के समान ठग लिया गया था।

बताया जाता है कि पटना जिले के ग्रीन नर्सरी और मगध निर्माण एजेंसी से सजावट के लिए 10 से 12 लाख रुपए समान और मगध निर्माण एजेंसी से करीब 16 लाख रुपए के टाइल्स सीमेंट इत्यादि सामग्री दी गई थी। जब कारोबारियों के द्वारा पैसे की मांग की गई तो पप्पू शर्मा के द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। जिसके बाद दोनों कारोबारियों ने पुलिस से संपर्क साधा और घटना के संबंध में जानकारी देते हुए लिखित आवेदन दिया। जिसके बाद पुलिस ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ आज मंगलवार को सेंधवा गांव में छापेमारी की। इस दौरान ठगी कर लिए गए सारे सामान को पुलिस ने बरामद कर लिया। वहीं इस दौरान पुलिस ने वहां से चार बंधुआ मजदूरों को भी मुक्त कराया मुक्त कराए गए मजदूर संजय साव विक्रम थाना, गूंगा उतर बिहार, जुगेश राम, छत्तीसगढ़, अताहुल मालगांव नेपाल का निवासी है।









# मिली सफलता: सट्टा गैंग का हुआ भंडाफोड़, 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी व सहतवार पुलिस की संयुक्त टीम ने आनलाइन लाटरी के माध्यम से जुआ, सट्टा खेलने-खेलवाने वाले 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 21,500 रुपये नगद, कैलकुलेटर, 4 एनड्रायड मोबाइल, 6 किपैड मोबाइल तथा फाइल में 31 पेज लाटरी लगे सम्बन्धित कागजात बरामद किया गया। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।



एसओजी टीम बद्री सिंह चौराहा सहतवार पर मौजूद थी। इसी बीच सहतवार पुलिस टीम भी पहुंच गये। मुखबिर ने पशु चिकित्सालय के सामने सिंह लाइन होटल के पीछे की तरफ हाते में ई-लाटरी (आनलॉइन) जुआ खेलने और खेलवाने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर के बताये जगह की घेराबंदी कर ई-लाटरी (आनलॉइन) जुआ खेल रहे 12 लोगों को पकड लिया। पूछताछ में पता चला कि यह हाता रितेश सिंह पुत्र आत्मा नन्द सिंह निवासी सहतवार का है। यह आनलाइन जुआ रितेश सिंह, राजू कुंवर पुत्र उदय कुंवर निवासी सहतवार, सूर्यकान्त सिंह उर्फ टप्पू सिंह पुत्र स्व. रामायण सिंह निवासी सहतवार, बडे गुप्ता पुत्र भरत प्रसाद गुप्ता निवासी इन्दू मार्केट, कोतवाली बलिया आदि के कहने पर मैं (भरत प्रसाद गुप्ता राजकुमार गुप्ता), रामआशीष चौहान व अन्य लोग आनलाइन जुआ खेला रहे थे। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

**ये हैं अभियुक्त :** पकड़े गए अभियुक्तों क नाम राजन गुप्ता पुत्र स्व. शिवनारायण निवासी जापलिनगंज, कोतवाली बलिया, भरत प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व. पारसनाथ गुप्ता निवासी सहतवार, राजकुमार गुप्ता पुत्र स्व. परशुराम गुप्ता निवासी हनुमानगंज, सुखपुरा, रामआशीष चौहान पुत्र स्व. रामचन्द्र चौहान निवासी धरहरा, सुखपुरा, ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. अग्निदेव प्रसाद निवासी बहादुरपुर, विरेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व. परमानन्द निवासी बोडिया, सुखपुरा, सलाउद्दीन उर्फ भुद्धू पुत्र रोजादीन निवासी सहतवार, विन्देश्वरी साह पुत्र स्व. राधाकृष्ण शाह निवासी सैइदपुर, खेजुरी, मनोज कुमार पुत्र गणेश प्रसाद, निवासी बडी बाजार, बांसडीह, मनू गुप्ता पुत्र गणेश गुप्ता निवासी बडी बाजार, बांसडीह, विनोद सिंह पुत्र सुरेन्द्र नाथ सिंह निवासी सहतवार और शशिकान्त चौरसिया पुत्र उर्फ सोनी पुत्र सत्यनारायण चौरसिया निवासी बांसडीह बताया।

## सूरत-ए-हाल: अधिक वर्षा होने पर बच्चे नहीं जा पाते हैं स्कूल

# 1980 से सड़क के लिए तरस रहे आवास विकास कालोनी के लोग

**तिलक कुमार/बलिया**

कहने को तो नगर के आवास विकास कालोनी में प्रदेश सरकार के मंत्री दसाशंकर सिंह का आवास है, सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त भी यहां अपना डेरा बनाए है, पूर्व सांसद भरत सिंह का भी इसी कालोनी में आना-जाना लगा रहता है। कुल मिलाकर यह कालोनी नगर के वीआईपी कालोनियों की सूची में सबसे टॉप पर है, लेकिन अफसोस यहां के बाशिंदे नरक की जिंदगी जीने को मजबूर है। अति वर्षा होने पर जहां घरों में पानी घुस जाता है, वहीं रिमझिम बारिश के बाद वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। इस कालोनी के लोग एक अदद पक्की सड़क आज 43 वर्षों से तरस रहे हैं। पानी निकासी की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है।



बताया जाता है कि 1980 में आवास विकास परिषद द्वारा आवास विकास कॉलोनी बनाई गई थी। शहर से नजदीक होने के कारण वीआईपी व वीवीआईपी लोग यहां अपना मकान बनाकर बस गए, सोचे होंगे चलिए बस जाते हैं आज नहीं तो कल पक्की सड़क भी बन जाएगी, जल निकासी के लिए नाला भी बन जाएगा। लेकिन अफसोस आज 43 वर्ष बीत जाने के बावजूद जब आप बरसात के दिनों इस कालोनी में आएंगे तो आपको पता चलेगा आप किसी गांव के पगडंडी से गुजर रहे हैं। वीआईपी कालोनी होने के कारण समय-समय पर लोग राबिश, गिट्टी डालकर सड़क को मजबूत करने की कोशिश करते हैं, लेकिन सब कुछ बेकार साबित होता है। आज आलम यह है कि अधिक वर्षा हो जाने के बाद कालोनी के लोग अपने बच्चों को स्कूल तक भेजने में कतराते हैं।

**छह करोड़, 12 करोड़ के बाद अब 18 करोड़ का लालीपॉप :** तत्कालीन नगर पालिका ईओ दिनेश विश्वकर्मा के कार्यकाल में आवास विकास कालोनी में सड़क के लिए छह करोड़ का प्रस्ताव शासन को गया था, लेकिन बाद में सब टांय-टांस फिस्स हो गया। इसके बाद 12 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया, उसकी भी हवा निकल गई। लेकिन अब मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास से 18 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, अब देखना है कि सूबे से 18 करोड़ पास हो जाता है या फिर हर बार की तरह-तरह टांय-टांय फिस्स हो जाता है।

**बरसात में 3 फीट तक भर जाता है पानी :** लोगों का आरोप है कि अधिक वर्षा होने पर स्थानीय चौराहे का ढेर सारा पानी कॉलोनी में घुस जाता है और कभी-कभी यह 3 फीट तक भर जाता है। यहां तक कि लोगों के घरों में भी पानी घुस जाता है, जिसके साथ सांप और अन्य कीड़े भी चले आते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। बता दें कि बरसात के दिनों में शहर के कई इलाकों में पानी भर जाता है और इसके चलते लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**पूर्व में गए प्रस्ताव के बारे में मुझे कुछ मालूम नहीं :** 18 करोड़ के प्रस्ताव के सवाल पर ईओ के चार्ज लिए सदर एसडीएम ने बताया कि पूर्व में गए प्रस्ताव के बारे में मुझे कुछ मालूम नहीं है। लेकिन जल्द ही आवास विकास कालोनी की स्थिति सुधरेगी। इस दिशा में कारगर प्रयास किया जा रहा है।

## पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि की गोली लगने से मौत, एक जख्मी

**बलिया।** बांसडीह नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन रेनू सिंह के प्रतिनिधि शत्रुघ्न सिंह की उभांव थाना क्षेत्र के बेल्थरारोड कस्बे में सोमवार की देर रात आपसी कलह में गोली लगने से मौत हो गयी। जबकि बेल्थरारोड नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 निवासी मनीष सिंह घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

मामले में मृतक की पुत्री कोमल ने नामजद से तहरीर दिया है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक शत्रुघ्न सिंह नगर पंचायत बांसडीह के पूर्व चेयरमैन रेनू सिंह के भसुर है। सोमवार की देर रात वह पूर्व चेयरमैन नंदलाल सिंह की पुत्री के घर बेल्थरारोड के वार्ड नंबर 10 स्थित आवास पर गये थे। आरोपी मनीष सिंह मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है जिसका इलाज लखनऊ से चल रहा है। उसे लखनऊ उपचार के लिए ले जाने की बातचीत चल रही थी। इसी बीच वह बन्दूक लेकर गोली चला दी जो चचेरे ससुर शत्रुघ्न सिंह को जा लगी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वही मनीष के भी पैर गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मनीष के पैर में गोली कैसे लगी या उसने स्वयं मार लिया। इस पर पुलिस पूछताछ और छानबीन कर रही है।









## अगले 4 दिनों तक भारी बारिश का पूवार्नुमान

**बलिया।** मौसम विभाग ने जनपद में अगले चार दिनों के दौरान भारी बारिश का पूवार्नुमान लगाया है। इस दौरान मेघ गर्जन एवं हवा चलने की जानकारी दी गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि उत्तर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब डिप्रेशन मंगलवार को उत्तर उत्तर पूर्व की ओर बढ़कर गहरे अवदाब डीप डिप्रेशन में परिवर्तित हो गया है। इससे उत्तर पश्चिम की ओर आगे बढ़ कर मंगलवार की रात बांग्लादेश तटों को पार करने की संभावना है तत्पश्चात अगले 24 घंटों के दौरान इसे पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर गंगीय पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ने की संभावना है। साथ ही मानसून द्रोणी रेखा का पश्चिम भाग गोरखपुर पटना श्रीनिकेतन से गुजर रही है। इन सभी के संयुक्त प्रभाव से जिले में 5 अगस्त के दौरान वर्षा गतिविधियों में बढ़ोतरी होने का पूवार्नुमान है इस दौरान भारी बारिश, मेघ गर्जन वज्रपात तेज हवा चलने का पूवार्नुमान है।

## पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

दो से 7 अगस्त तक होने वाली पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था के बीच होगी। डीएम रवीन्द्र कुमार ने मंगलवार को बैठक कर क्रेंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को कड़े दिशा-निर्देश दिये। बैठक में अनुपस्थित होने पर एबीएसए राकेश सिंह व हिमांशु मिश्र का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया।



डीएम ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा अपनी गाइडलाईन के अनुसार पूरी कड़ाई से होनी चाहिए। किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत कहीं भी मिल गयी तो दोषी कोई भी हो, सीधे उन पर मुकदमा दर्ज होगा और कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाएगी। केंद्र पर जिन स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगी है, परीक्षा के नियमों को अच्छे से जान लेंगे। गाइडलाईन के अनुसार पूरी परीक्षा प्रक्रिया सम्पन्न कराएंगे। डीएम ने यह भी कहा कि परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट को कोई भी दिक्कत समझ में आए तो सीधे मुझे बताएंगे। हर हाल में परीक्षा सुचितापूर्वक व पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। बता दें कि जिले के तीन केंद्रों गणेशी प्रसाद इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, बलिया, एम्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, बेल्थरारोड व नेहरू प्राईवेट आईटीआई पर यह परीक्षा 2 अगस्त से 7 अगस्त तक होगी। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, एडीएम डीपी सिंह, डीडीओ राजितराम मिश्र सहित सभी केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

## चोरी की चार बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**बलिया।** नगरा पुलिस टीम ने चोरी की चार मोटर साइकिल, तमंचा व कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। नगरा थाने के उप निरीक्षक छुन्ना सिंह मय फोर्स ने वाहन चेकिंग के दौरान विकास पासवान पुत्र नन्दलाल पासवान (निवासी : ढ़ड़सड़ा, पकड़ी, बलिया) व सचिन राजभर पुत्र रामअवध राजभर (निवासी : खटंगी, सिकन्दरपुर, बलिया) को चोरी की एक स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) के साथ रघुनाथपुर मोड़ से हिरासत में लिया गया। इनके पास से दो तमंचा व जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की तीन अन्य मोटर सायकिल बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 41, 411, 413, 414 भादवि व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए पुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया। गिरफ्तार विकास पासवान व सचिन राजभर का अपराधिक इतिहास लम्बा-चौड़ा है।

## नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ पूणार्हुति व विशाल भंडारे के साथ संपन्न

# लाखों लोगों ने मंदिर में आ किया प्रसाद ग्रहण

**केटी न्यूज/बलिया**

सहतवार नगर पंचायत के प्रख्यात योगीराज श्री चैनराम बाबा के यहां चल रहे नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का समापन पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें दूर-दराज से आए लाखों लोगों ने मंदिर प्रांगण पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। नौ दिवसीय यज्ञ में पंडित श्री आत्मानंद चौबे द्वारा आचार्य विद्या शंकर पाठक व आचार्य दया शंकर पाठक की मौजूदगी में सभी यजमानों द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई।



चैनराम बाबा शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर 1008 सुखदेव दास जी महाराज ने बताया कि जन सहयोग व इस महायज्ञ में सालों से जुड़े भक्तों के सहयोग से ही यह आयोजन किया जाता है। बाबा के चमत्कारों के विषय में बताया कि जो भी भक्त यहां सच्चे मन से अपनी मुरादे मांगते हैं। बाबा उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी करते है। कहा कि क्षेत्र ही नहीं पूरे प्रदेश में बाबा के भक्त मौजूद हैं यहां पर कोई झूठी कसमें नहीं खाता है। वरिष्ठ सपा नेता नीरज सिंह गुड्डू ने कहा कि इस महायज्ञ को सफलता पूर्वक पूरा करने के लिए सभी भक्तों को उन्होंने धन्यवाद दिया। उन्होंने यज्ञ समिति में पधारे चिकित्सा एवं पुलिस की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन लोगों के सहयोग के बिना यज्ञ पूर्ण करना कठिन था। बताया कि यह बाबा के प्रति स्थानीय लोगों में अटूट आस्था ही है कि यज्ञ भी अगर नहीं होता है इसके बावजूद भी यहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त पूजा अर्चना करते है तथा भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिलता है। भाजपा नेता योगेश्वर सिंह ने कहा कि हम सभी आज जो कुछ भी है बाबा के ही आशीर्वाद से सब कुछ संभव हो सका है। मैं अपने सभी कार्यों की शुरूआत बाबा के नाम लेकर ही करता हूं और सारा काम सफल हो जाता है। यह सब बाबा के ही चमत्कार का प्रणिराम है।

**भंडारे की अलग-अलग की गयी व्यवस्था :** इस बार के महायज्ञ में बाबा के प्रति अटूट आस्था ही है कि अलग-अलग गांवों ग्रामसभा बलेऊर, ग्रामसभा कुसौरा, ग्राम सभा बघाव, सहतवार बेरवार राजपूतों द्वारा एवं नगर पंचायत के समाजसेवी अजय सिंह के द्वारा भंडारे की अलग-अलग व्यवस्था की गई थी, जिससे कि सभी को प्रसाद आसानी से मिल सके। इस महायज्ञ में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर, विधायक विधायक केतकी सिंह, योगेश्वर सिंह, अजय सिंह, परमात्मानंद पांडे, प्रधान शैलेश पासवान, बबलू सिंह, संतोष महाजन व अन्य का योगदान रहा।




## अंसारी गैंग के सदस्य भीम सिंह के घर डकैती की योजना बना रहे 7 अपराधी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीओ सिटी की देख-रेख में बीती रात गाजीपुर में हत्या व डकैती सहित कई गंभीर अपराध को अंजाम देने वाले गिरोह के कुल सात अभियुक्तों को स्वाट व सर्विलांस टीम के साथ थाना कोतवाली गाजीपुर पुलिस द्वारा न्यू प्रोफेसर कालोनी गोराबाजार में मुख्तार अंसारी गैंग का सदस्य भीम सिंह के घर से गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान अंधेरे का लाभ लेकर मुख्तार अंसारी के गुर्गे भीम सिंह का लड़का अमन सिंह व करंडा थाने का हिस्ट्रीशीटर सुंदरम सिंह उर्फ धनजी वहां से फरार हो गया।

उल्लेखनीय है कि भीम सिंह क्र-191 गैंग का सक्रिय सदस्य है। भीम सिंह को गैंगेस्टर एक्ट में आजीवन कारावस की सजा भी हो चुकी है, जो वर्तमान में जिला कारागार में निरुद्ध है। पुलिस टीम द्वारा डकैती का प्लान बना रहे अपराधियों में मुख्य रूप से गौरव सिंह उर्फ सनी सिंह, राकेश सिंह उर्फ गुड्डू व अमन पांडेय द्वारा पूर्व में गिरोह बनाकर थाना सैदपुर क्षेत्रान्तर्गत देवचन्दपुर पेट्रोल पम्प पर डकैती व हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था।जिसमें गैंगेस्टर व रासुका (एनएसए) की कार्रवाई की गई थी। जिनके कुछ साथी वर्तमान में कारागार में निरुद्ध हैं। मुकदमें के खर्चें व अन्य अपराधिक गतिविधियों में होने वाले खर्चों के लिए पुनः अपने साथियों के साथ डकैती की योजना भीम सिंह उपरोक्त के घर पर उसके लड़के अमन सिंह के साथ बना रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के कब्जे से दो चार पहिया वाहन स्कार्पियो, एक पिस्टल, पांच कारतूस, एक रिवाल्वर, दो कारतूस व एक देशी तमचा व चार जिंदा कारतूस की बरामदगी करते हुए धारा 399/402 भादवि व 3/25 आर्स एक्ट थाना कोतवाली गाजीपुर में गिफ्तार किया गया तथा फरार व गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। फरार अभियुक्तगण के विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।




### विकास खंड मनिहारी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## समूह की महिलाओं को योग्य प्रशिक्षण दे कर उपलब्ध कराएं रोजगार : डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



मंगलवार को विकास खंड मनिहारी का जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का अभाव पाया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यालय को साफ रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी मनिहारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय को बराबर चेक किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि वे सभी सामुदायिक शौचालय चालू अवस्था में हैं अथवा नहीं। इस कार्य के लिए खंड प्रेरक को लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा साथ ही साथ उन्हें रोजगार योग्य प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि वे स्वयं कुछ कर सकें।

डीएम ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनकर समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा के अन्तर्गत कराए गए कार्यो की जॉच कराते हुए कर्मचारियों को यह निर्देशित किया कि वह सुनिश्चित कर लें कि मनरेगा से संबन्धित कोई भी गलत भुगतान कदापि न हो तथा गलत भुगतान होने पर संबन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तीन कर्मचारी रामनिवास चौहान, टीए,दीलिप कुमार कुशवाहा, बीएमएम/एमआईएस आदित्य कुमार, बीएमएम/एमआईएस के अनुपस्थित पाए जाने पर संबन्धित का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य विकास अधिकरी संतोष कुमार वैश्य, खंड विकास अधिकरी मनिहारी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**अफसरों द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों के सभी पैरामीटर पूर्ण किए जाएं :** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने मंगलवार को अपने गोद लिए विद्यालय कंपोजिट विद्यालय बीकापुर क्षेत्र सदर गाजीपुर पर सीएसआर के माध्यम से दो स्मार्ट टीवी एवं एक आरओ वाटर प्लांट स्थापित कराया। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा अन्य अधिकारियों को उनके द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने के समस्त पैरामीटर्स पर कार्य अविलंब पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बता दें कि जिलाधिकारी द्वारा जनपद में कुल 100 परिषदीय विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को चयनित विद्यालय आवंटित करते हुए उक्त विद्यालय पर आपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स के इतर आदर्श विद्यालय के समस्त मानक को पूर्ण कराने का निर्देश बैठकों में दिया जाता रहा है। साथ ही जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा इसकी समीक्षा समय- समय पर की जाती रही है।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति सहित नौ के खिलाफ मुकदमा

गाजीपुर। नोनहरा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।मृतका मकान के दूसरे तल पर फंदे के सहारे लटकती मिली।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका के भाई ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति सहित नौ लोगों के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। नोनहरा थाने के फत्तेहपुर अटवा गांव निवासी गुड़िया (35) की शादी 2021 में मुस्ताक खां से हुई थी। मृतका के भाई जहीरूद्दीन ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पूर्व ही बहनोई मुस्ताक खां को गांव के कई लोगों के सामने दो लाख रुपये दिया था। मुहर्रम पर्व पर उसके खाते में पांच हजार रुपये भेजा था। बावजूद ससुराल के लोग बहन को प्रताड़ित करते थे। आरोप लगाया कि बहन की गला दबाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे पर लटका दिए। मायके पक्ष के लोगों के रोने- बिलखने से गांव में चीख-पुकार मची हुई थी। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




### बच्चों के विवाद में बड़ों ने की मारपीट, छह पर केस

गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर थाने के उतरांव गांव में सोमवार की शाम बच्चों के विवाद में बड़ों का आपस मे भिड़ना और मारपीट करना लोगों को महंगा पड़ा। घटना में कुल छह नामजद आरोपी बनाए गए हैं। पुलिस इन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार दबिश दे रही है। इलाके के उतरांव गांव निवासी लालजी राम और विनोद राम पड़ोसी हैं। सायंकाल बच्चों में खेलते समय मारपीट हो गई। यह देख परिजन भी मौके पर पंहुच गए। दोनों पक्षों ने पहले गाली गल्लौज किया, फिर लाठी -डंडे चलने लगे। कुछ ही देर में दोनों तरफ के पुरूष व महिला भी मौके पर पंहुच आपस में भीड़ गए। उधर मारपीट होता देख आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचित करते हुए बीच-बचाव करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्वास्थ केन्द्र बाराचवर ले गई। मारपीट में विनोद राम-30, प्रिया -23 व ललन- 46 घायल हुए जिनका इलाज जारी है। मंगलवार की सुबह घायलों ने छह लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है।


## किसानों को दी गई नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोग की जानकारी

**केटी न्यूज/चंदौली**




नैनो यूरिया व नैनो डीएपी आधारित विकास खंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को सदर विकास खंड में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि संजय सिंह ने इफ्को के उत्पादों के बारे में बताया। कहा कि सभी समितियों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की बिक्री के लिए उपलब्ध है। उन्होंने इसके उपयोग को लेकर क्षेत्रीय किसानों को प्रशिक्षण देने की बात कही। डॉ रक्षिता सिंह ने नैनो यूरिया एवं डीएपी को उपयोग करने के लिए किसानों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में अभिषेक त्रिपाठी द्वारा नोनो यूरिया एव नैनो डीएपी के उपयोग, बीज शोधन, जड़ उपचार एवं किस समय स्प्रे करे उसके बारे में विस्तार से बताया। इन उत्पादों के अलावा अन्य उत्पाद सागरिका, जल विलेय उर्वरक के बारे में भी बताया। अजय कुमार मौर्या ने इफ्को के उत्पादों के बारे में जानकारी दी और उनको उपयोग करने के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि अजय कुमार मौर्य सहायक आयुक्त एवं निबंधक जनपद, विनोद पांडेय एडीसीओ धर्मेन्द्र कुमार एडीओ चंदौली, सदर विकास खंड के समस्त सचिव एवं लगभग 70 किसान बंधु उपस्थित रहे। अध्यक्षता बीडीओ डा.रक्षिता सिंह व धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक त्रिपाठी ने किया।




### अभियान चलाकर साफ-सफाई करने एवं कूड़े के समुचित निस्तारण का दिया निर्देश

## जिलाधिकारी ने गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**



नगरीय इलाके की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे मंगलवार की सुबह पीडीडीयू नगर पहुंचे। उन्होंने ईओ के साथ सुबह छह बजे औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आधा दर्जन सड़कों/बाजारों, सर्कस रोड, जायसवाल रोड़, काली महाल, सहजौर रोड़, रिया हॉस्पिटल, विद्या हॉस्पिटल रोड, कैलाशपुरी, लोको कालोनी सहित अन्य रास्तों का पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे द्वारा कई स्थानों पर गंदगी मिलने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नगर में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु कड़े दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि तत्काल अभियान चलाकर नगर में एंटी लार्वा,फॉगिंग आदि कराई जाए.इसके साथ ही गंदगी करने/सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों के विरुद्ध जुमार्ना करने के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा की जिन दुकानदारों द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है नाले चोक कर दिए है एवं नालों के ऊपर अतिक्रमण किया गया है उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन सड़को से कूड़े का समुचित जगहों पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। ठेले वालों के आगे डस्टबिन रखवाई जाए.जिलाधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में गोवंश के घूमते मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें तत्काल गौशाला में संरक्षित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना और उनको वषार्काल में संचारी रोगों से बचाव हेतु विशेष सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि घर में कूलर, टायर, नाली आदि की निरंतर साफ- सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखनी है.बारिश के मौसम में काफी रोगों का प्रसार होता है इससे बचाव का बेहतर उपाय रोगों के प्रति सावधानी व सतर्कता बनाये रखते हुए बचाव के उपाय करना है।

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने किया विभिन्न संस्थानों का दौरा

# संक्रमण से बचने के लिए मरीजों के साथ अस्पताल में अधिक लोग न रहें: डॉ. देवेंद्र

**केटी न्यूज/मऊ**



राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के राज्यमंत्री सह अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय, जिला कारागार, वन स्टॉप सेंटर, राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर, आंगनबाड़ी केंद्र एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देईथान इंदारा विकासखंड कोपागंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र एवं इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही, मरीजों के साथ आए अभिभावकों से अपील किया गया कि मरीज के साथ ज्यादा लोग न रहें। अस्पताल में ज्यादा भीड़ होने से एक-दूसरे में संक्रमण फैलने की संभावना अधिक हो जाती है। पोषण पुनर्वास केंद्र में 3 माह से 5 वर्ष तक के कुपोषित भर्ती बच्चों का भी हाल जाना तथा डॉक्टरों को समय से बच्चों का इलाज करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई तथा मरीजों को समय से इलाज तथा शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं को भी देने के निर्देश दिए।

जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान 16 से 18 वर्ष के बंदी बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा उनके शिक्षा दीक्षा के लिए बेहतर व्यवस्था तथा उनको झूला सहित अन्य खेलों से संबंधित उपकरण लगाने के निर्देश दिए। बंदी बच्चों को पढ़ाने के लिए नियुक्त अध्यापक से बच्चों के पढ़ने लिखने की जानकारी ली गई तथा अध्यापक को निर्देशित किया गया कि शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए आध्यात्मिक किताबें तथा बच्चों को नए-नए विषयों के बारे में भी जानकारी देने को कहा इसके अलावा कौशल विकास योजना के तहत भी उन बच्चों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। विकासखंड परदहां स्थित वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रजिस्ट्रो का मिलान एवं उपस्थिति रजिस्टर को देखा गया, जिसमें सभी कर्मचारी उपस्थित मिले माननीय मंत्री जी द्वारा सभी तैनात कर्मचारियों से उनके कार्यों एवं उनके योग्यता के बारे में जानकारी ली गई तथा उनसे कहा गया कि हेल्पलाइन नंबरों को महिलाओं को बताएं जिससे अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ ले सकें।

### विभिन्न उम्र के बच्चों को अलग अलग रखें

राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर के निरीक्षण के दौरान भोजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, भंडार कक्ष तथा बंदी कक्षों का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारी अधीक्षक राजकीय संप्रेक्षण गृह को निर्देश दिया कि विभिन्न उम्र के बच्चों को अलग अलग रखें। जिससे आपस में लड़ने झगड़ने न पाए तथा उनके बाल, नाखून एवं साफ-सफाई आदि पर विशेष ध्यान देने को कहा, तथा बंदी बच्चों को खेलने कूदने आदि की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य रजिस्टरों का मिलान किया। वहीं, उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार उनके कार्यों की जानकारी ली गई। साथ ही संप्रेषण गृह में रहने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के निर्देश दिए।




### व्यापारियों की एकता ही उनकी पहचान: उमाशंकर

**मऊ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद मऊ के बोझी बाजार में बोझी व्यापार मंडल की बैठक नंदलाल चौरसिया की अध्यक्षता में अशोक कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान पर हुई। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों की एकता ही उनकी अपनी विशिष्ट पहचान है। हम सभी व्यापारियों को मिलकर संगठन की मजबूती के लिए काम करना है। हमारी शक्ति और एकता ही हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि यहां पर हमारे संगठन के लोग जुझारू एवं सक्रिय हैं। यहां के अधिकारी व्यापारियों की बातों को गंभीरता से लेते हैं। बोझी बाजार में बिजली की जबरदस्त कटौती हो रही है। व्यापार मंडल बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग करती है हमें बिजली की आपूर्ति मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार दिया जाए।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन पर लोगों को किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/मऊ**



सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तिम दिन कार्यालय परिसर में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग व शिक्षा विभाग तथा बस, ट्रक, ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का सकुशल समापन करते हुए परिवहन निगम के एआरएम पीके बाजपेई को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा परिवहन निगम चालक मनु दास, सन्दीप कुमार, अरविन्द कुमार एवं परिचालक प्रतिमा सिंह व उषा सिंह व नवीन कुमार सिंह को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षा विभाग के अजीत कुमार तिवारी जिला समन्वयक नितेश कुमार चौधरी कम्प्यूटर आपरेटर, आलोक कुमार सिंह जिला समन्वयक, कमलेश कुमार मिश्रा खण्ड शिक्षा अधिकारी, सुजीत कुमार राय एआरपी व अनूप कुमार तिवारी अनुदेशक को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही यातायात निरीक्षक श्याम शंकर पाण्डेय को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा भैया लाल पाल हेड कान्सटेबल, मारकण्डे प्रसाद कान्सटेबल, विद्याधर तिवारी हेड कान्सटेबल, संजय यादव कान्सटेबल, सौरभ यादव कान्सटेबल, अनिल कुमार गुप्ता फोटो ग्राफर हिन्दुस्तान समाचार पत्र मऊ को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### लोक अदालत में नियुक्तियों के लिए दें आवेदन

**मऊ।** स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष न्यायाधीश अच्छे लाल गुप्ता ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। जिसमें उन्होंने बताया कि आमजन तक सुलभ न्याय पहुंचाने के लिए जनपद में स्थापित स्थाई लोक अदालत वायु, बिजली, सड़क, जलमार्ग, द्वारा यात्रियों या माल वाहन, यातायात सेवा, डाक, तार, टेलीफोन के साथ सार्वजनिक जल संरक्षण स्वच्छता प्रणाली, वीमा, भू संपदा के साथ आदि मामले देखे जाते हैं। लोगों तक सुलभ न्याय पहुचाने के लिए स्थाई लोक अदालत मऊ में निम्न नियुक्तियां की जानी है। जिसमे पेशकार एक पद वेतन 9000 रुपये प्रतिमाह, आशु लिपिक एक पद वेतन 9000, चपरासी एक पद का वेतन 7000 है। इच्छुक व्यक्ति आवेदन फार्म 21 अगस्त तक अपना आवेदन स्थाई लोक अदालत के कार्यालय में 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।







